**NEWS CLIPPING: 18.09.2019**

**AMAR UJALA**

**न्यूज डायरी**



फरीदाबाद जेसीबोस वाईएमसीए के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हरियाणवी डांस प्रस्तुत करती छात्राएं ।

# J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in**

**GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)**


**NEWS CLIPPING: 18.09.2019**

## HINDUSTAN




फरीदाबाद स्थित जेसी बोस यूनिवर्सिटी के स्थापना दिवस पर छात्राओं ने हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया। ● हिन्दुस्तान (खबर-पेज:20)

# हितेश मिस्टर और आंचल मिस फ्रेशर रही

**फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता**

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) का मंगलवार को स्थापना दिवस मनाया गया। इसे वर्ष 1969 में एक डिप्लोमा कॉलेज के रूप में शुरू किया गया था। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया।

इसमें मिस्टर फ्रेशर हितेश और मिस फ्रेशर का खिताब आंचल को दिया गया। वहीं, मिटर टैलेंटेड का खिताब अद्वितीय और मिल टैलेंटेड का खिताब वैष्णवी के नाम रहा। जबकि मिस्टर और मिस टेक्नोक्रेट का पुरस्कार आर्यन और रिया ने नाम रहा। इस मौके पर वर्ष 1969 से अब तक विश्वविद्यालय के विकास पर आधारित एक डाक्यूमेंट्री भी प्रदर्शित की गई। इसमें विश्वविद्यालय की प्रगति और उपलब्धि को दिखाया गया है।

मुख्य आकर्षण विद्यार्थी क्लबों की ओर से विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शित प्रोजेक्ट्स और सजावटी कला-कृतियां रहीं। इसे वहां मौजूद लोगों ने खूब सराहा। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में दीनबंधु छोटू राम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विवि. (मुरथल) के कुलपति डॉ. राजेंद्रकुमार अनायत मौजूद रहे। इसके साथ कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING: 18.09.2019**

**NAVBHARAT TIMES**

# जेसी बोस इंस्टिट्यूट ने धूमधाम से मनाया 50वां स्थापना दिवस



स्थापना दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं

■ **एनबीटी फरीदाबाद :** जेसी बोस (वाईएमसीए) इंस्टिट्यूट ने मंगलवार को 50वां स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान एक रंगारंग समारोह का आयोजन किया गया। मुरथल के दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राजेंद्र कुमार समारोह के मुख्य अतिथि थे। समारोह की अध्यक्षता जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस मौके पर हितेश को मिस्टर फ्रेशर्स व आंचल को मिस फ्रेशर्स का खिताब दिया गया। अद्वितीय ने मिस्टर टैलेंटेड व वैष्णवी ने मिस टैलेंटेड का खिताब जीता। वहीं, आर्यन को मिस्टर टेक्नोक्रिट व रिया को मिस टेक्नोक्रिट का खिताब दिया गया। कार्यक्रम के दौरान 1969 के बाद से अब तक के यूनिवर्सिटी की सफलता पर आधारित एक डॉक्युमेंट्री भी दिखाई गई। छात्रों ने प्रॉजेक्ट्स व कला-कृतियां भी प्रदर्शित कीं। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नरेश चौहान, डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल आदि मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING: 18.09.2019**

**PUNJAB KESARI**

# वाईएमसीए विश्वविद्यालय की छात्राओं के लिए स्पेशल बस




*सोमवार से विश्वविद्यालय की छात्राओं के लिए शुरू हुई हरियाणा रोडवेज की बस।*

## छात्राओं को करना पड़ता था घंटों इंतजार

कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए हरियाणा रोडवेज मे निशुल्क सफर है। लेकिन पलवल और फरीदाबाद रूट के बीच बसों की भारी कमी है। इस कारण कॉलेज में पढ़ने वाली इन छात्राओं को बसों के लिए कई घंटे तक इंतजार करना पड़ता है। वहीं 4यादातर बसें बल्लभगढ़ तक ही चलती हैं, जिस वजह से विश्विद्यालय की छात्राओं को निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता है, जिससे उनका पैसा और समय भी बर्बाद होता था। अब यह स्पेशल बस चल जाने से छात्राओं को इन परेशानियों से निजात मिलने जा रही है।

"इस बस के चलने से पलवल से आने वाली विश्वविद्यालय की छात्राओं को बड़ा फायदा होगा, इसके अलावा अन्य कॉलेजों में पढने वाली छात्राएं भी इसमें सफर कर सकेंगी।

*-डॉ सोनिया बंसल, एसोसिएट प्रोफेसर, वाईएमसी, विश्वविद्यालय*

फरीदाबाद, 17 सितम्बर (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए की छात्राओं को हरियाणा रोडवेज ने बड़ा तोहफा दिया है। हरियाणा रोडवेज के पलवल डिपो ने छात्राओं के लिए विशेष रूप से पलवल से वाईएमसीए विश्वविद्यालय के बीच सोमवार से एक बस चलाने की शुरुआत कर दी है। यह बस सुबह आठ बजे पलवल से विश्विद्यालय और शाम साढ़े चार बजे विश्वविद्यालय से पलवल के लिए चलेगी। इसमें वाईएमसीए विश्वविद्यालय के अलावा अन्य कॉलेजों में पढने वाली छात्राएं भी सफर कर सकेंगी।

पंजाब केसरी ई-पेपर Wed, 18 September 2019
https://epaper.punjabkesari.in/c/43720812

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 18.09.2019**

**THE TRIBUNE**

# YMCA VARSITY FOUNDATION DAY

**Faridabad:** The JC Bose University of Science and Technology, YMCA Faridabad, which started its journey in 1969 as a diploma college, has completed 50 years of its formation. The university celebrated its 11th foundation day and completion of 50 years as an institution with an impressive ceremony. Vice-Chancellor of Deenbandhu Chhotu Ram University of Science and Technology, Murthal, Dr Rajendrakumar Anayath, was the chief guest at the ceremony which was presided over by Vice-Chancellor Prof Dinesh Kumar. Kumar said that the foundation day is a day for introspection and taking a pledge to set higher targets for education, research and innovation in the field of science and technology.

The Tribune
Wed, 18 September 201
https://epaper.tribun